हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 चोकाबाग हत्याकांड, मुठभेड़ में घायल आरोपी पकड़ा तमंचा...



07 दिनदहाड़े युवक के अपहरण से सनसनी, परिजनों ने घेरा थाना



खबर संक्षेप

जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न हुई

सागर। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन सागर के तत्वावधान में एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सागर के खेल परिसर मैदान में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-16 बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अंडर-14 वर्ग में ट्रायथलॉन ए, बी एवं सी के अंतर्गत 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, 600 मीटर दौड़ एवं बैक थ्रो आदि स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। वहीं अंडर-16 बालक-बालिका वर्ग में 60 मीटर दौड़, 80 मीटर हर्डल्स, 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक आदि विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों से लगभग 200 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन सागर की सचिव श्रीमती संगीता सिंह भदौरिया ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर श्रेष्ठ 13 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी 14 से 16 नवंबर तक हैदराबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय अंतर-जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सागर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा सभी सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का शिविर नगर संभाग में आयोजित

सागर। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के नगर संभाग सागर में सेवा-सेतु अभियान के तहत प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का वृहद स्तर पर शिविर आयोजित किया जा रहा है। नगर संभाग के सहायक अभियंता कृष्णा पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओ के लिए जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उददेश्य ऊर्जा संरक्षण, सौर ऊर्जा के उपयोग, विद्युत सेवाओ की उपलब्ध्ता तथा उपभोक्तओं की समस्याओं का सीधा समाधान करना है। पटेल ने बताया कि विशेषज्ञों एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारियों द्वारा पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी दी जावेगी साथ ही आवेदन प्रक्रिया, कनेक्शन पर प्राप्त होने वाली सब्सिडी, बैको से ऋण संबंधी जानकारी, कौन कौन से दस्तावेज आवश्यक है इत्यादि जानकारी के साथ ही आर्थिक बचत के साथ ही सौर ऊर्जा कनेक्शन (सोलर कनेक्शन) लगवाने से कौन- कौन से लाभ है शिविर में उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जावेगी।

छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन दिनांक 23 नवम्बर 2026 तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

जननी सुरक्षा योजना में भुगतान की देरी पर अकाउंट मैनेजर की सेवा समाप्ति की प्रक्रिया शुरू

100 दिन से लंबित मामलों पर कलेक्टर पाल सख्त अफसरों पर पेनल्टी और वेतन रोकने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



समय सीमा बैठक में लंबित प्रकरणों और शिकायतों के निराकरण में लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने 100 दिन से अधिक समय से लंबित भू-अर्जन और पट्टे संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के साथ ही बिना उचित कारण मामलों को लंबित रखने वाले अधिकारियों पर पेनल्टी लगाने और जरूरत पड़ने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जन विश्वास अभियान शुरू होने से पहले सभी लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर उन्हें बंद किया जाए।

बैठक में बिना उचित कारण शिकायतें लंबित रखने पर एमपीईबी, सामाजिक न्याय विभाग तथा योजना एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए। वहीं 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों के प्रति कलेक्टर ने नाराजगी जताई।

जननी सुरक्षा के भुगतान में देरी पर कार्रवाई

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जननी सुरक्षा योजना के भुगतान में देरी को कलेक्टर ने गंभीरता से लिया। भुगतान में लापरवाही के मामले में जिला स्तर पर पदस्थ एकाउंट मैनेजर को कारण बताओ नोटिस जारी कर सेवा से पृथक करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जननी सुरक्षा योजना की राशि समय पर हितग्राहियों के खातों में पहुंचाना संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारी की सीधी जिम्मेदारी है। इस मामले में संबंधित बीएमओ के वेतन को भी आगामी आदेश तक रोकने के निर्देश दिए गए।राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में कार्य में लापरवाही पाए जाने पर जिला टीबी अधिकारी डॉ. कुरैशी का वेतन आगामी आदेश तक रोकने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार खुरई और बीना बीएमओ का वेतन भी होल्ड रखने के निर्देश जारी किए गए।

भू-अर्जन के प्रकरणों में समय पर कार्रवाई नहीं करने और मामले लंबित रखने पर कलेक्टर ने बंडा तहसीलदार को नोटिस जारी करने तथा आगामी आदेश तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। बंडा, खुरई और बीना सहित अन्य क्षेत्रों में 100 दिन से अधिक समय से लंबित भू-अर्जन एवं पट्टे संबंधी प्रकरणों की समीक्षा कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।बंडा नगरीय निकाय में हुए निर्माण कार्यों, नगरीय प्रशासन विभाग की विभिन्न योजनाओं के संचालन एवं क्रियान्वयन तथा हितग्राहियों को लाभ दिलाने से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच के लिए जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए गए। समिति को 15 दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

राजस्व मामलों में फील्ड पर जाकर कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि भूमि आवंटन के प्रकरण बिना वजह लंबित नहीं रखे जाएं। स्वामित्व योजना से संबंधित सभी कार्य एमपी ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। नामांतरण, बंटवारा, खाता सुधार, कब्जा और बेदखली के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने कहा कि कब्जे से जुड़े मामलों में एसडीएम स्वयं फील्ड पर जाकर राजस्व अमले से सत्यापन कराएं। राजस्व अधिकारी मौके पर जाकर पंचनामा तैयार करें तथा प्रभावित अथवा संबंधित पक्ष की मौजूदगी में ही सीमांकन की कार्रवाई पूरी करें।सागर शहर के वेस्टर्न बायपास के लिए आवश्यक भूमि का कब्जा शीघ्र उपलब्ध कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित एसडीएम को दिए गए। राजस्व और भू-अर्जन के मामलों के निराकरण के लिए शिविर लगाकर नामांतरण, बंटवारा और खाता सुधार की कार्रवाई पूरी करने को भी कहा गया।बैठक में जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमे, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, सिटी मजिस्ट्रेट शैलेश द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।



सांदीपनि विद्यालय रहली में सेवा संकल्प अभियान के तहत करियर मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित

रहली। सेवा संकल्प अभियान के तहत सांदीपनि विद्यालय रहली में करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को चिकित्सा, प्रशासनिक सेवाओं, बैंकिंग, तकनीकी क्षेत्र सहित विभिन्न रोजगार, उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के विकल्पों की जानकारी देकर भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।कार्यशाला में डॉ. संदीप असाटी, डॉ. प्रियंका असाटी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक उद्देश्य सोनी एवं पार्षद प्रतिनिधि प्रियेश पटैरिया ने विद्यार्थियों से संवाद किया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं और करियर से जुड़ी शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।करियर काउंसलिंग प्रभारी देवेंद्र कुमार कतरोलिया ने कहा कि विद्यार्थियों को पारंपरिक करियर विकल्पों तक सीमित रहने के बजाय अपनी रुचि, क्षमता और बदलते रोजगार अवसरों को ध्यान में रखकर समय रहते करियर का चयन करना चाहिए। सही समय पर मिलने वाला मार्गदर्शन विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करने और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी में मदद करता है।कार्यशाला में लकी लक्षकार, किंकेश सेन, नेहा राठौर सहित विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिंद्र शुक्ला ने किया तथा आभार संतोष जैन ने व्यक्त किया।

अग्निवीरसेना भर्ती रैली: पांचवें दिन 540 अभ्यर्थियों ने दौड़ में सफलता हासिल की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर द्वारा इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, सागर में आयोजित वार्षिक अग्निवीर भर्ती रैली के पांचवें दिन अभ्यर्थियों में उत्साह और अनुशासन देखा गया। 01 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक आयोजित भर्ती प्रक्रिया में युवा पूरे लगन और देशभक्ति के जज्बे के साथ शामिल हो रहे हैं।रैली के पांचवें दिन कुल 851 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कड़ी शारीरिक परीक्षा और प्रतिस्पर्धा के उपरांत 540 अभ्यर्थियों ने दौड़ में सफलता हासिल कर अगले चरण में प्रवेश किया। दौड़ में सफल अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इसके बाद अभ्यर्थी शारीरिक प्रवीणता परीक्षण, शारीरिक मापदंड एवं मेडिकल जांच की प्रक्रिया से गुजरेंगे।

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए होटल पैराडाइज के पीछे शिव पार्वती मैरिज गार्डन में ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के आवागमन के लिए विशेष 'आर्मी भर्ती स्पेशल ट्रेन' का संचालन भी किया जा रहा है। मकरोनिया से मुरैना के लिए ट्रेन क्रमांक 01711 शाम 6 बजे तथा ट्रेन क्रमांक 01832 सुबह 2:15 बजे, जबकि मकरोनिया से भिंड के लिए ट्रेन क्रमांक 01834 सुबह 3:15 बजे संचालित की जा रही है। अभ्यर्थियों से निर्धारित समय-सारणी के अनुसार यात्रा की योजना बनाने की अपील की गई है।

सागर जिला प्रशासन एवं सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराई जा रही है। सेना भर्ती कार्यालय ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि भारतीय सेना में चयन पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं केवल योग्यता के आधार पर होता है। भर्ती में किसी भी प्रकार की दलाली अथवा अनुचित साधनों का कोई स्थान नहीं है। अभ्यर्थी अनधिकृत व्यक्तियों या दलालों के बहकावे में न आएं।

स्वास्थ्य शिविरों में 1075 मरीजों की ओपीडी, 1000 आयुष्मान कार्ड बनाए

गर्भवती महिलाओं की जांच और उपचार पर जोर, 25 बच्चों को दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी, एक ही स्थान पर मिलीं स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



जन सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत रविवार को जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। जिले में आयोजित शिविरों में कुल 1075 मरीजों की ओपीडी दर्ज की गई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की जांच, उपचार और हाई रिस्क मामलों के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया। वहीं, लगभग 1000 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। स्वास्थ्य शिविरों में कुल 65 गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन (एचबी) जांच की गई। इनमें हाई रिस्क और मॉडरेट एनीमिया से ग्रसित महिलाओं को आयरन सुक्रोज दिया गया। इसके अलावा 6 हाई रिस्क पीआईएच गर्भवती महिलाओं का प्रबंधन किया गया। तीन हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराया गया। एक गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिला का उपचार किया गया, जबकि एक अन्य महिला को ब्लड ट्रांसफ्यूजन दिया गया। शिविरों में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की 197 स्क्रीनिंग की गई और 12 बच्चों का टीकाकरण किया गया। दो प्रसूता महिलाओं को प्रसूति सहायता योजना के तहत चेक वितरित किए गए। आयुष सेवाओं के अंतर्गत 58 मरीजों का आयुर्वेदिक और 96 मरीजों का होम्योपैथिक पद्धति से उपचार किया गया। इसके साथ ही 4 किशोरी बालिकाओं की एचबी जांच भी की गई।

दिव्यांग बच्चों को जारी किए प्रमाण-पत्र

शिविरों में 50 दिव्यांगजनों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें जांच के बाद 25 बच्चों को दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी किए गए। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, ताकि उन्हें शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिल सके। जन सेवा सेतु अभियान के तहत आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ना है। शिविरों के माध्यम से मरीजों को जांच, उपचार, टीकाकरण और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श की सुविधाएं प्रदान की गईं।

अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के 2026-28 चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त





गढ़ाकोटा। अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के आगामी द्विवार्षिक वर्ष 2026-28 के चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता जागेश्वर खरे को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण मिश्रा को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करते हुए चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गई है। अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के अध्यक्ष जमील कुरैशी एडवोकेट द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि संघ के आगामी चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर संघ के अधिवक्ताओं में उत्साह है। निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति के अवसर पर अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष विनोद पटेल, सचिव डी.पी. लाड़िया, पुस्तकालय अध्यक्ष राजाराम कोरी, कोषाध्यक्ष बहराम खान, सहसचिव खेमचंद कुर्मी सहित कार्यकारिणी एवं वरिष्ठ सदस्य अधिवक्ताओं ने दोनों निर्वाचन अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम

गढ़ाकोटा। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गढ़ाकोटा में सेवा संकल्प अभियान, राष्ट्रीय कार्य बल एवं रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय "विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्यः चुनौतियां, तनाव प्रबंधन एवं समाधान" रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है, जब वे शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहें। मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. दीपमाला सैनी, परामर्शदाता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ाकोटा ने विद्यार्थियों को तनाव के कारणों और उससे निपटने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई का दबाव, प्रतियोगिता, करियर की चिंता, पारिवारिक-सामाजिक परिस्थितियां तथा मोबाइल और सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग तनाव का कारण बन सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से तनाव के शुरुआती लक्षण पहचानने, सकारात्मक सोच रखने, पर्याप्त नींद लेने, नियमित योग एवं व्यायाम करने तथा अपनी समस्याएं परिवार, शिक्षक या परामर्शदाता से साझा करने की अपील की। इस अवसर पर श्री चंद्रप्रताप मरकाम ने भी विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री पुष्पेंद्र बर्मन ने किया। महाविद्यालय के शिक्षक-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में डॉ. पवन कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त किया।



जिला शहर कांग्रेस कमेटी सागर की समन्वय समिति बैठक राजीव गांधी भवन में संपन्न

सागर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी, सागर की समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक जिला शहर कांग्रेस कार्यालय, राजीव गांधी भवन, सागर में आयोजित की गई। बैठक आयोजन जिला शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष महेश जाटव ने की महेश जाटव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। सभी कार्यकर्ताओं को समन्वय बनाकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। आने वाले समय में कांग्रेस को और अधिक सक्रिय होकर जनता के मुद्दों को उठाना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का हम सबको मिलकर विरोध करना है और कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना है। त्रिलोकी नाथ कटारे ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है। शहर कांग्रेस पूरी निष्ठा और एकजुटता के साथ काम कर रही है। समन्वय समिति के माध्यम से सभी वरिष्ठजनों और युवा साथियों को साथ लेकर हम सागर शहर में कांग्रेस को नई ऊर्जा देंगे। सभी वार्डों में बैठकें और जनसंपर्क अभियान और तेज किया जाएगा। अमित राम जी दुबे ने कहा कि सागर कांग्रेस में अपार संभावनाएं हैं। हमें जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना और उनका निराकरण कराना है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेगी। कार्यकर्ता ही हमारी ताकत हैं। बैठक का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा और आभार। हेमराज रजक ने व्यक्त किया। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ किरण लता मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, सोशल मीडिया अध्यक्ष निलेश अहिरवार, दीनदयाल तिवारी, सहित वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित थे।

सेवा ज्योति यात्रा एवं प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर ली बैठक

सागर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत आगामी 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाली सेवा ज्योति यात्रा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित वर्चुअल कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु सागर विधायक शैलेन्द्र जैन एवं कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, रानी कुशवाहा, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश कुमार गोमे, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री तथा विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस पर फायरिंग के बाद जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली

चोकाबाग हत्याकांड, मुठभेड़ में घायल आरोपी पकड़ा तमंचा-कारतूस, नकदी और दो मोबाइल बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली पुलिस ने भूपेंद्र उर्फ छोटू अहिरवार हत्याकांड में वांछित चल रहे आरोपी रोली उर्फ प्रताप उर्फ प्रहलाद रजक को रविवार को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में हिरासत में लेकर जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से 315 बोर का अवैध देशी तमंचा, खोखे व जिंदा कारतूस, 805 रुपये नकद तथा वीवो और ओप्पो के दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की तलाश और वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चौकाबाग निवासी भूपेंद्र उर्फ छोटू अहिरवार की हत्या का वांछित आरोपी रावतयाना चौकाबाग निवासी रोली रजक पुत्र कल्लू उर्फ कल्याण रजक हवाई पट्टी की ओर जाने वाले रास्ते पर शीशम के पेड़ के पास छिपा है और वहां से भागने



की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा। पुलिस के अनुसार पकड़े जाने के डर से आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। गोली प्रभारी निरीक्षक की कनपटी के पास से होकर निकली। पुलिस टीम ने आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, लेकिन आरोपी ने दोबारा पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस के अनुसार आत्मरक्षा में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, उपनिरीक्षक आलोक सिंह और उपनिरीक्षक अभिषेक पवार ने जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी और वह घायल होकर मौके पर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में लिया और उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम में निरीक्षक जनार्दन यादव, उपनिरीक्षक प्रवीण दांगी समेत अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल रहे। मौके पर पहुंची फील्ड यूनिट टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य भी संकलित किए।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में घायल आरोपी रोली रजक ने भूपेंद्र उर्फ छोटू अहिरवार हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने अपने साथियों अजय अहिरवार, करण कुशवाहा, पंकज सहरिया और नरेन्द्र कुशवाहा के साथ मिलकर 28 सितंबर 2026 की रात चौकाबाग कलारी के बाहर भूपेंद्र उर्फ छोटू अहिरवार पर लात-घूंसों, पत्थरों और चाकू से हमला किया था, जिसमें उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी मुकदमे में रोली रजक वांछित चल रहा था। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का देशी तमंचा बरामद किया। इसके अलावा चैम्बर में फंसा एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और एक अन्य खोखा कारतूस भी मिला। आरोपी के पास से 805 रुपये नकद तथा वीवो और ओप्पो कंपनी के दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने मुठभेड़ के संबंध में कोतवाली में आरोपी के खिलाफ धारा 109 बीएनएस एवं धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अलग मुकदमा दर्ज किया है। घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई और पूछताछ की जा रही है।

सदस्यता को 3 श्रेणियों में बांटने पर सहमति

बुंदेलखंड जागृति मंच ने सदस्यता अभियान में पदाधिकारियों को ब्लॉकों की जिम्मेदारी सौंपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुंदेलखंड जागृति मंच की मासिक बैठक रविवार को ग्राम बंट स्थित च्यवन आश्रम के पीछे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी आर.पी. निरंजन ने की, जबकि संचालन शिक्षक दिनेश राजपूत ने किया। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों एवं विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए पदाधिकारियों को अलग-अलग ब्लॉकों की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में बुंदेलखंड जागृति मंच के सदस्यता अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। सर्वसम्मति से सदस्यता को तीन श्रेणियों में विभाजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें प्रथम श्रेणी सदस्य, द्वितीय श्रेणी विशेष सदस्य और तृतीय श्रेणी सक्रिय सदस्य शामिल हैं। पदाधिकारियों ने सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर चलाने तथा संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर जोर दिया। बैठक के दौरान संगठन की आगामी रूपरेखा और विभिन्न क्षेत्रों में गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

पदाधिकारियों से उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन सक्रियता एवं समन्वय के साथ करने का आह्वान किया गया। बैठक में बुंदेलखंड जागृति मंच संरक्षक मंडल से संजय श्रीवास्तव (प्रशांति), रामशरण निराला बाबूजी (वरिष्ठ समाजसेवी), प्रबंधक डा. रक्षपाल सिंह, अध्यक्ष नीरज जैन कमरेड, मंजीत सिंह सरदार, इन्द्रपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार जाटव, रामचंद्र यादव, हरीश कुशवाहा, रामदयाल साहू दाऊ, राजा अमर सिंह बुंदेला, केपी राजपूत एड., बालक दास (शिक्षक), गिरजेश रैकवार सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। अंत में अध्यक्ष आर.पी. निरंजन ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

तालबेहट पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम सुनौरी मजरा खैरा में घरेलू विवाद के दौरान पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने विवाद के दौरान घर में रखी हसिया से पत्नी के सिर पर वार किया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कथित आला कत्ल हसिया तथा खून लगे कपड़े बरामद किए हैं। ग्राम सुनौरी मजरा खैरा निवासी कृपाल सिंह पुत्र रघुवीर यादव का 2 अक्टूबर की रात घरेलू काम-काज को लेकर अपनी पत्नी गीता से विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद बढऩे पर कृपाल सिंह ने गुस्से में आकर घर में रखी हसिया से गीता के सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण गीता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में वादी शिवराज सिंह की तहरीर के आधार पर थाना तालबेहट में दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले में धारा 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। गिरफ्तार आरोपी कृपाल सिंह ने पूछताछ में बताया कि 2 अक्टूबर की रात घरेलू काम-काज



को लेकर उसका पत्नी गीता से विवाद हुआ था। विवाद बढऩे पर उसने गुस्से में घर में रखी हसिया से पत्नी के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। तालबेहट पुलिस ने आरोपी के कब्जे से आला कत्ल हसिया, जिस पर खून लगा हुआ था, तथा खून लगी शर्ट और लोवर बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी को 4 अक्टूबर को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रमेशचन्द्र मिश्रा थाना तालबेहट पुलिस टीम के साथ शामिल रहे।

सूची में दर्ज करने के लिए विशेष अभियान शुरू, कोई मतदाता न छूटे के उद्देश्य से होगी पंजीकरण प्रक्रिया

ललितपुर। अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार में निर्वाचक नामावलियों के निरंतर पुनरीक्षण-2026 का कार्य तेजी से जारी है। इसका मुख्य उद्देश्य ईपी रेशियो, जेंडर रेशियो बढ़ाना तथा ₹कोई मतदाता न छूटे के लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने बताया है कि महिला कल्याण, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा, दिव्यांगजन, ग्राम्य विकास एवं युवा कल्याण विभागों के सहयोग से सभी पात्र नागरिकों के नाम सूची में दर्ज करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया। कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा, छूटे हुए नागरिक, बेघर, दिव्यांगजन एवं महिलाएं नया नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भर सकते हैं। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार के संशोधन या स्थान परिवर्तन के लिए फॉर्म-8 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। नागरिक आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन के लिए अपने बूथ के बूथ लेवल ऑफिसर या संबंधित निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म जमा किया जा सकता है।

सिंघई परिवार धौर्रा ने किया आयोजन

पर्युषण पर्व की संपन्नता पर भक्तामर पाठ और बुंदेली भोज, उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अहिंसा परमो धर्म और परस्परोपग्रहो जीवानाम के पावन संदेश के साथ पर्वराज पर्यूषण पर्व की सम्पन्नता के उपलक्ष्य में समस्त सिंघई परिवार, धौर्रा की ओर से श्रीभक्तामर के दिव्य पाठ एवं बुंदेली स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया। देवगढ़ रोड स्थित 218 सिविल लाइन, पुराने आरएमएस कार्यालय के पास सिंघई परिवार के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, गणमान्य नागरिकों, व्यापारी वर्ग और समाज के लोगों ने सहभागिता की। शुरुआत सुबह 8 बजे श्रीभक्तामरजी के दिव्य पाठ से हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्तामर स्तोत्र का पाठ कर धर्मलाभ लिया। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे से बुंदेली स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों, संत समाज, व्यापारियों और केमिस्ट बंधुओं सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के माध्यम से जैन दर्शन के संदेश कम आसक्ति, कम इच्छाएं, अधिक जागरूकता और हर जीव के प्रति करुणा को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में धर्म के साथ सामाजिक सरोकारों और आपसी सद्भाव की झलक भी देखने को मिली।

अध्यक्षता जिला केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष संभव सिंघई पत्रकार ने की। उन्होंने कहा कि उद्देश्य केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि धर्म, सेवा और समाज को एक-दूसरे से जोडऩा भी है। पर्यूषण पर्व हमें आत्मचिंतन का संदेश देता है। सच्ची जीत किसी दूसरे को हराने में नहीं, बल्कि अपने भीतर के लोभ, क्रोध और मोह पर विजय प्राप्त करने में है। आयोजन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। मुख्य रूप से सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, पूर्व एमएलसी प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ व्यापारी नेता कैलाश नारायण ड्योडिया, आबकारी निरीक्षक अन्विता तिवारी, शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मेंद्र गोस्वामी, अरविंद नेता, बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश देवलिया, नेमवि प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री, प्रदीप चौबे, बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू, कैलाश अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार राहुल जैन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इसके अलावा व्यापार मंडल प्रांतीय चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष विजय जैन, महामंत्री अमित सोनी, पूर्व महामंत्री रवि जैन चुनगी, उद्योग मंच के कमलेश सराफ, शैलेंद्र सिंघई, मनीष सडैया, डा.संजीव कडकी, भारत विकास परिषद पदाधिकारी, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष नवनीत किलेदार, समित समैया, समाजसेवी वीके सरदार, संदीप सराफ लालू, जैन वीर व्यायामशाला संरक्षक विजय पहलवान, अध्यक्ष राहुल सिंघई, नरेंद्र कडंकी, गौरव चौधरी, भगतसिंह, नवीन समैया, अमित लखेरा सहित व्यापारी, अधिवक्ता, और केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल हुए। आयोजन के प्रेषक एड.वीरेंद्र कुमार सिंघई (नोटरी पब्लिक, पूर्व सदस्य किशोर न्याय बोर्ड), ई.सुरेंद्र कुमार सिंघई (सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता, सीपीडब्ल्यूडी) एवं संभव सिंघई रहे। सिंघई परिवार की ओर से कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया गया। आयोजन के अंत में समस्त सिंघई परिवार, धौर्रा की ओर से अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया।

मड़ावरा पुलिस की मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई

पुलिस ने 3 किलो गांजा के साथ पति-पत्नी को गिरफ्तार कर बाइक व नकदी भी बरामद की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना मड़ावरा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक पति-पत्नी को 3 किलो 111 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजे के अलावा दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन, 6,300 रुपये नकद और एक बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की है।

दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक महिला और पुरुष मोटर साइकिल से गिरार की ओर से मड़ावरा होते हुए महरौनी की तरफ जा रहे हैं। उनके पास बड़ी मात्रा में अवैध गांजा होने की सूचना पर पुलिस ने क्षेत्राधिकारी मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि को अवगत कराया। इसके बाद पुलिस टीम ने ग्राम रनगांव स्थित हंसरी तिराहे के पास घेराबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान संदिग्ध मोटर साइकिल सवार पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर लखन अहिरवार के खेत के सामने दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान ग्राम सतवांसा निवासी जगदीश प्रसाद दुबे पुत्र रामगोपाल दुबे तथा उसकी पत्नी रीना के रूप में हुई।

पुलिस ने क्षेत्राधिकारी मड़ावरा की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान जगदीश प्रसाद के कब्जे से 2 किलो 103 ग्राम तथा उसकी पत्नी रीना के कब्जे से 1 किलो 008 ग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा 3 किलो 111 ग्राम बताया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 24 हजार रुपये है। इसके अलावा जगदीश के पास से 1,100 रुपये और रीना के पास से 5,200 रुपये, कुल 6,300 रुपये नकद तथा एक वीवो और एक रियलमी कंपनी के दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बजाज प्लेटिना मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 एक्स 0043 को भी कब्जे में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह गांजा बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। हालांकि पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों को गांजा कहां से प्राप्त होता था और इसे आगे किन लोगों को सप्लाई किया जाना था। मामले में थाना मड़ावरा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत अभियोग पंजीकृत किया है।

स्वच्छता ही सेवा है, एक कदम स्वच्छता की ओर

नेहरू महाविद्यालय के कैडेट्स ने साइकिल रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



स्वच्छ भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 56 यूपी एनसीसी बटालियन झाँसी के आवाहन पर नेहरू डिग्री कॉलेज ललितपुर के कैडेट्स ने स्वच्छता जागरूकता साइकिल रैली निकाली। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा प्राचार्य के साथ प्रो अनिल सूर्यवंशी एवं उळड डॉ जगवीर सिंह ने भी इस साईकिल रैली में हिस्सा लिया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा - स्वच्छता केवल आदत नहीं, संस्कार है। कैडेट्स अनुशासन और सेवा के प्रतीक हैं, इनके द्वारा दिया गया स्वच्छता का संदेश समाज में निश्चित रूप से बदलाव लाएगा। रैली शहर के प्रमुख मार्गों - कॉलेज परिसर से होते हुए घंटाघर, स्टेशन रोड और बाजार क्षेत्र से गुजरी। हाथों में स्वच्छता ही सेवा है, एक कदम स्वच्छता की ओर जैसे नारों की तख्तियां लिए कैडेट्स ने लोगों से अपने घर और आस-पास सफाई रखने की अपील की। कैडेट्स ने रास्ते में जगह-जगह सफाई भी की। साइकिल रैली का समापन कॉलेज परिसर में ठउउ गीत के साथ हुआ।कार्यक्रम के अंत में डॉ. जगवीर सिंह ने कहा कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे और उन्होंने प्राचार्य जी, समस्त स्टाफ और सभी कैडेट्स का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में कैडेट्स उपस्थित रहे।- 56 बटालियन की जय, भारत माता की जय!

क्षत्रिय समाज ने की शोकसभा, दिवंगत निकिता राजे को दी श्रद्धांजलि

समाज में व्याप्त कुरीतियों का दमन व शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में शोक एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रदेशाध्यक्ष प्रताप सिंह बुंदेला की अध्यक्षता में आयोजित सभा में शिवम सिंह बैस तेरावालों की धर्मपत्नी निकिता राजे के अल्पायु में हुए आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों और अनावश्यक सामाजिक खर्चों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। राठ, हमीरपुर से आए सत्यनारायण सिंह परिहार ने कहा कि वर्तमान समय में मृतक भोज को अत्यधिक बड़ा रूप दिया जा रहा है, जो उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि उन्होंने भी अपनी माता के निधन पर मृतक भोज आयोजित नहीं किया था। इसके बजाय वह उनकी पुण्यतिथि पर प्रत्येक वर्ष गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह परमार ने कहा कि समाज को कुरीतियों के दमन के साथ-साथ शिक्षा की मुख्यधारा से जोडऩे की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक विकास के लिए शिक्षा और जागरूकता को



प्राथमिकता देना जरूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से आए अमर सिंह ने कहा कि सनातन धर्म में माता-पिता की सेवा को परम धर्म माना गया है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को त्यागने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

सभा में बैस परिवार की ओर से भी दिवंगत निकिता राजे के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि असमय निधन से परिवार और समाज को गहरा आघात पहुंचा है। सभी ने परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने तथा दिवंगत आत्मा को शांति देने की प्रार्थना की। शोक सभा में सत्यनारायण सिंह परिहार, प्रताप सिंह गौर, टीएस ठाकुर, प्रताप सिंह बुंदेला, आदिनारायण मिश्रा, अमर सिंह गौर, धर्मेंद्र सिंह परमार, अरुण कुमार सिंह, दामोदर साहू, जीतू राजा, गोविंद सिंह बुंदेला, राघवेंद्र सिंह बघेल, राजेंद्र सिंह राजावत, जहर सिंह बैस, अरिमर्दन सिंह, मुन्नू राजा, हरनाम सिंह तोमर, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेंद्र राजा बुंदेला, श्रीनारायण पांडे, पुष्पेंद्र सिंह बुंदेला, गंगाराम साहू, शिव प्रताप सिंह परिहार, नीरज द्विवेदी, सुनील सिंह ठाकुर, भारतसिंह चौहान, देवी सिंह, राकेश मिश्रा, जितेंद्र सिंह सेंगर, सुदामा प्रसाद तिवारी, हरिनारायण पटेल, संतोष कुशवाहा, हरिओम राजपूत, चक्रेश साहू, श्याम बिहारी, पुरुषोत्तम अहिरवार, रघुवीर सिंह यादव, राकेश तिवारी, जानकी नामदेव, लक्ष्मण सिंह, रामस्वरूप रजक सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

अनुदान के लिए 7 से 20 तक ऑनलाइन बुकिंग

किसानों को मिलेगा अवशेष कृषि यंत्रों व कृषि रक्षा उपकरणों पर अनुदान का लाभ

ललितपुर। किसानों के लिए कृषि यंत्रीकरण से जुड़ी योजनाओं के तहत अनुदान पर कृषि यंत्र प्राप्त करने का अवसर है। कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अवशेष कृषि यंत्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों पर अनुदान प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया सात अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से शुरू की जाएगी। इच्छुक किसान 20 अक्टूबर 2026 की रात 12 बजे तक ऑनलाइन बुकिंग करा सकेंगे। कृषि विभाग के अनुसार किसानों को कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन, फसल अवशेष प्रबंधन, त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन सहित विभिन्न योजनाओं को शामिल किया गया है। इन योजनाओं के माध्यम से किसानों को कृषि कार्यों में आधुनिक मशीनरी एवं कृषि रक्षा उपकरणों के उपयोग के लिए अनुदान दिया जाएगा। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के तहत कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए 10 लाख रुपये तक की परियोजना, फार्म मशीनरी बैंक के लिए 10 लाख रुपये तक की परियोजना, किसान ड्रोन तथा अन्य एकल कृषि यंत्रों के लिए बुकिंग की जा सकेगी।

इसी प्रकार फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत एकल कृषि यंत्रों के साथ ही 30 लाख रुपये तक के कस्टम हायरिंग सेंटर तथा 100 लाख रुपये तक के एग्रीगेटर के लिए भी आवेदन किया जा सकेगा। विभागीय योजनाओं के तहत त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम में मेज सेलर, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत मिलेट पार्लर तथा विभिन्न पारिस्थितिकीय संसाधनों के माध्यम से कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए कृषि रक्षा यंत्रों पर भी अनुदान का प्रावधान है। कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने के इच्छुक किसान विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन जनपदवार बुकिंग कर सकेंगे। इसके लिए पोर्टल पर किसान कॉर्नर में जाकर यंत्र बुकिंग प्रारम्भ लिंक पर क्लिक करना होगा। किसान अपनी पात्रता के अनुसार संबंधित कृषि यंत्र का चयन कर ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। विभाग ने किसानों से निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन बुकिंग कराने की अपील की है। कृषि यंत्रों, बुकिंग प्रक्रिया तथा अनुदान से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। किसी प्रकार की समस्या अथवा अतिरिक्त जानकारी के लिए किसान उप कृषि निदेशक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

शाम को बड़ौदा पहुंचा युवक, बोला बदमाशो को चकमा देकर आया हूं

दिनदहाड़े युवक के अपहरण से सनसनी, परिजनों ने घेरा थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय सनसनी मच गई,जब बाइक सवार युवक कपिल मीणा को कार सवार में सवार होकर आए लोग बीच रास्ते में से कट्टे की नौक पर जबरदस्ती कार में पटककर अपहरण करके ले गए। इसके पहले कार सवार बदमाशों ने ऑनलाइन सामान लेने के बहाने युवक को फोन करके बुलाया तो उसने अपनी दुकान के कर्मचारी को उनके पास रास्ते में भेज दिया। जिसकी भी बदमाशों के द्वारा रास्ते में मारपीट कर दी गई। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने हंगामा करते हुए बडौदा थाने का घेराव कर दिया। इस मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि शाम को अगवा युवक सकुशल लौटकर आ गया है, जिसने खुद ही अपहरण कर्ताओ के चंगुल से छूटकर आने की बात कही है और इस मामले में नामजद आरोपियो के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने के लिए बडौदा थाने के सामने ग्रामीणो के साथ धरना शुरू कर दिया। खबर लिखे जाने तक धरना जारी बना था,उधर पुलिस इस मामले को पैसो के लेनदेन को हुए विवाद से जोडकर भी देख रही है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम उतनवाड निवासी कपिल मीणा गांव में ऑनलाइन सामान मंगवाकर उसे बेचने की दुकान करता है। कपिल मीणा जब बडौदा से वापस अपने गांव लौट रहा था,तभी रास्ते में कार सवार लोग उसे जबदरस्ती कार में बैठाकर अगवा कर ले गए। कपिल मीणा के बडे भाई ओमप्रकाश मीणा ने इस मामले की रिपोर्ट बडौदा थाने में दर्ज कराते हुए बताया है कि सोमवार सुबह करीब 10 बजे उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने ऑनलाइन सामान लेने की बात कही। ओमप्रकाश ने उसे गांव आने के लिए कहा। कुछ देर बाद दोबारा फोन कर बताया गया कि वे रास्ते में हैं और बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया है। इसके बाद ओमप्रकाश ने दुकान पर काम करने वाले प्रमोद प्रजापति को उन्हें लेने भेजा।

उतनवाड़ गांव के पास प्रमोद को देव रावत डांसर और ओकेन्द्र रावत सहित पांच अन्य लोगों ने घेर लिया। ये लोग कार और बाइको पर सवार होकर आए थे। आरोप है कि आरोपियों ने प्रमोद के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और कट्टा दिखाकर उसे कार में बैठाकर अपने साथ ले गए। आरोपियों ने प्रमोद से कपिल मीणा के बारे में पूछा। प्रमोद ने बताया कि कपिल बड़ौदा की तरफ से घर आ रहा है। इसके बाद आरोपी प्रमोद को साथ लेकर बड़ौदा की ओर निकले और अलापुरा गांव के पास उन्हें बाइक से भतीजी संगीता और भानेज रेशमा के साथ गांव लौटते मिले कपिल मीणा को रोक लिया और कपिल को जबरदस्ती कार में बैठाकर उसका अपहरण कर ले गए। हालांकि दोनों युवतियों और प्रमोद ने कपिल को छुड़ाने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश उन्हें धक्का देकर गिराकर भाग गए।



बदमाश मुझे अगवा करके ले गए सिरोनी के जंगल में

सोमवार की शाम को वापस लौटकर बडौदा पहुंचे युवक कपिल मीणा ने पुलिस को दिए बयानो में बताया है कि उसे जबदरस्ती कट्टे की नौक पर बदमाश जीप में बैठाकर उसका अपहरण करके सिरोनी के जंगल में ले गए। जहां कार में सवार लोगो ने मुझे सिरोनी के जंगल में उतार दिया और मेरे कट्टा अडाकर मुझे चुप बैठने के लिए कह दिया। तभी वहां दो ट्रैक्टर ट्रॉलियो की आपस में टक्कर हो जाने की घटना सडक पर हो गई। जिसे देखने के लिए दो बदमाश चले गए,तभी मै बदमाशो को चकमा देकर उनसे छूटकर जंगल में भाग गया और करीब 20 किलोमीटर जंगल में भागते हुए सडक पर पहुंचा और लिफ्ट लेकर वापस बडौदा पहुंचा हूं। कपिल मीणा ने पुलिस को उसे अपहरण करके ले जाने के मामले में कुछ लोगो के नाम भी बताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

बिना टीआई चल रहा बड़ौदा थाना,आए दिन हो रही वारदातें

खास बात यह है कि बड़ौदा थाना फिलहाल बिना टीआई के ही चल रहा है। क्योंकि यहां पदस्थ टीआई सतीश सिंह चौहान का डीएसपी बनने के बाद भिंड तबादला हो गया है,लेकिन उनके जाने के बाद बडौदा थाने में किसी दूसरे टीआई पदस्थापना अभी तक नहीं की गई। जिसके चलते टीआई स्तर के बडौदा थाने की जिम्मेदारी टू स्टार स्तर के पुलिस अधिकारी को संभालनी पड रही है। टीआई न होने से बडौदा क्षेत्र में आए दिन अपराध सामने आ रहे है। अपहरण की इस घटना से पहले दो मंदिरों में एक ही रात में चोरी की वारदात हो चुकी है। वहीं नशा कारोबारी भी फिर से सक्रिय हो गए है।

इनका कहना..

जिस युवक के अपहरण होने की रिपोर्ट थाने आई थी,वहयुवक शाम को वापस लौटकर आ गया है। युवक से पूछताछ की जा रही है। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अवनीत शर्मा
एसडीओपी,बड़ौदा

सेवा संकल्प अभियान के तहत साइबर सुरक्षा पर संगोष्ठी आयोजित

डिजिटल संसाधनों का उपयोग करते समय सजगता जरूर बरतें:आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा मेरा योगदान गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सायबर जागरूकता पर आधारित एक संगोष्ठी का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी श्योपुर आनंद कुमार राय ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी तथा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराधों से बचने के विभिन्न उपायों, सतर्कता एवं सावधानियों के बारे में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होने कहा कि डिजिटल संसाधनों का उपयोग करते समय सजगता जरूर बरतनी चाहिए। पुलिस विभाग के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ एएसआई संजय यादव ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में साइबर सुरक्षा की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन इसके साथ साइबर अपराधों की चुनौतियाँ भी बढ़ी हैं। ऐसे में इस तकनीक के प्रति जागरूक और सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। सेवा संकल्प अभियान के कॉलेज प्रभारी डॉ. भूपेन्द्र हरदेनिया ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज दुनिया केवल आधुनिक नहीं हुई है, बल्कि पूरी तरह डिजिटल होती जा रही है। उन्होंने डिजिटल दुनिया की चुनौतियों को रेखांकित करते हुए कहा कि जिस प्रकार माया मनुष्य को भ्रमित करती है, उसी प्रकार आज की डिजिटल माया भी लोगों को अपने मायाजाल में फँसा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को इंटरनेट, साइबर हैकर और मोबाइल के माध्यम से उत्पन्न होने वाले डिजिटल खतरों के प्रति सजग रहने तथा तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक रमेश भारद्वाज, अरविन्द दोहरे, डॉ. लोकेंद्र सिंह जाट, डॉ सीमा चौकसे, वेदांकी खंडेलवाल, शालू दुबे, डॉ संगीता शाक्य, डॉ. करन सिंह सैनी, अजीत सिंह सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं जिम्मेदार जीवन जीने का संकल्प लिया।

श्योपुर मंडी में चार माह से नहीं लेखापाल इस माह अटका मंडी कर्मचारियों का वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कृषि उपज मंडी श्योपुर में पिछले करीब चार माह से लेखापाल नहीं है। क्योंकि यहां पदस्थ लेखापाल का तबादला हो गया है। उसकी जगह किसी दूसरे लेखापाल की यहां पोस्टिंग नहीं की गई है। जिसके चलते मंडी के कार्य प्रभावित हो रहे है। इस महीने तो मंडी कर्मचारियों का वेतन तक अटक गया है। भलेही अक्टूबर माह की पांच तारीख निकल गई है,लेकिन कर्मचारियों को अभी तक भी सितंबर माह का वेतन नहीं मिल सका है।

बताया जा रहा है कि श्योपुर कृषि उपज मंडी के लेखापाल का जब से तबादला हुआ है,तब से लेकर अभी तक लेखापाल का प्रभार मंडी के दूसरे कर्मचारियों को सौंपा जा रहा है। जिस भी कर्मचारी के पास लेखापाल का प्रभार आता है, वह कर्मचारी प्रभार लेने के कुछ दिन बाद अवकाश पर चला जाता है। जिसके चलते लेखापाल का प्रभार कई बार बदला भी जा चुका है। इस बार भी जो कर्मचारी लेखापाल का प्रभार संभाल रहा था,वह भी अवकाश पर चला गया है,जिसकारण कर्मचारियों को अभी तक सितंबर माह का वेतन नहीं मिल सका है। वेतन न मिलने से परेशान हो रहे मंडी कर्मचारियों ने उनका वेतन जल्द दिलवाए जाने की आवश्यकता जताई है।

सोई में भर्ती शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु एनआरएलएम अंतर्गत संचालित सीएलएफ कार्यालयों पर भर्ती शिविर लगाये जा रहे है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कार्तिकेय जायसवाल द्वारा जारी निर्देशो के अनुसार युवाओ को सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाईजर के पद पर भर्ती के लिए सागर सीएलएफ कार्यालय सोईकलां में 6 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक शिविर लगाया जायेगा। एनआरएलएम डीपीएम सोहनकृष्ण मुदगल ने बताया कि एनआरएलएम अंतर्गत संचालित उक्त सीएलएफ कार्यालयों पर सिक्योरिटी एडं इटेलीजेंस सर्विस (एसआईएस) इंडिया लिमिटेड सिंगरोली द्वारा सुरक्षागार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाईजरों के पदों पर भर्ती की जायेगी। 10वी, 12वी एवं स्नातक पास युवा जिनकी ऊचाई न्यूनतम 167.5 सेंटीमीटर है, वे उक्त शिविर में चयन हेतु भर्ती के लिए उपस्थित हो सकते है।

जल्द शुरू होगा पांच स्कूल भवनों का निर्माण

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा ने 5 ग्रामों में बनने वाले नवीन स्कूल भवनों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश डीपीसी को दिये है। यह स्कूल ग्राम नीमखेडा, धोरीबावडी, सुमरेरा, रघुनाथपुर तथा अरोंदरी में बनाये जायेगे। उन्होंने डीपीसी शुभम अग्निहोत्री को निर्देश दिये कि स्कूल निर्माण के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया आरसीएमएस के माध्यम से ऑनलाइन करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जायें, जिससे स्कूल निर्माण हेतु भूमि आवंटन किया जा सके। डीपीसी अग्निहोत्री ने बताया कि नीमखेडा, धोरीबावडी और सुमरेरा में प्राथमिक विद्यालय, रघुनाथपुर में प्रायमरी कन्या विद्यालय तथा अरोंदरी में मिडिल स्कूल के नवीन भवन निर्माण कराये जायेंगे।

132 केवी उपकेंद्र श्योपुर से बंद रहेगी बिजली

श्योपुर। 132 केवी उपकेन्द्र श्योपुर पर 33 केवी रामबाडी फीडर पर वाई फेस तरफ मेन बस साइट आईसोलेटर का जॉ बदलने का कार्य किये जाने के चलते 33 केवी हाफ मेन बस पर 06 अक्टूबर को प्रातः 08 बजे से 10 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। उपमहाप्रबंधक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपली प्रायवेट लिमिटेड श्योपुर शहर ने बताया कि उक्त कार्य होने से 33 केवी बगडुआ, पाली रोड, ढोटी, धानमिल, कलारना, मयापुर, रामबाडी एवं पाण्डोला फीडर में विद्युत की सप्लाई बंद रहेगी।

डॉ अशफाक साहित्य रत्न से सम्मानित,भोपाल में हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के साहित्यकार एवं लेखक डॉ अशफाक अर्शी को साहित्य लेखन के क्षेत्र में साहित्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है उनको यह सम्मान पत्र भोपाल में आयोजित हुए एक प्रदेश स्तरीय समारोह में दिया गया।

सरदार वल्लभ भाई पटेल पॉलिटेक्निक कॉलेज भोपाल मध्य प्रदेश में प्रेस क्लब वेलफेयर वर्ल्डवाइड फाउंडेशन द्वारा आयोजित भारत अवार्ड सेरेमनी में प्रेस क्लब वेलफेयर वर्ल्डवाइड फाउंडेशन द्वारा श्योपुर जिले के साहित्यकार एवं लेखक डॉ अशफ़ाक़ अर्शी को साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया उन्हें यह अवार्ड कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से शामिल हुए मध्य प्रदेश के पूर्व डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) द्वारा प्रदान किया गया। डॉ अर्शी को यह सम्मान मिलने पर उनके ईस्ट मित्रों शुभचिंतकों व परिजनों ने उन्हें बधाई दी है।

अवैध शराब के साथ पकड़ा,56 लीटर शराब जब्त

श्योपुर। मानपुर थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को पकडा है। टीआई सतीश कुमार दुबे ने बताया कि अवैध शराब के साथ पकडे गए आरोपी ने अपना नाम सुरेन्द्र उर्फ सूर्या मीणा निवासी दांतरदा बताया है।तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 56 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

सात दिन में चोरियां न रुकने पर दी आंदोलन की चेतावनी

केबल चोरी की वारदातों से किसानो में बढ़ रहा आक्रोश, कांग्रेस ने घेरा थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जिले के ग्रामीण क्षेत्र में किसानों की बोर से लगातार केबल चोरी की वारदाते सामने आ रही है। लेकिन पुलिस केबल चोरी करने वाले चोरों के खिलाफ सख्ती के कार्रवाई नहीं कर पा रही है। जिसकारण केबल चोरी की वारदाते थमने का नाम नहीं ले रही है। इन वारदातो के बढने से किसानों में खासा आक्रोश बढता जा रहा है। आक्रोशित किसानों के साथ कांग्रेस नेताओ ने सोमवार को केबल चोरी की वारदातो को लेकर मानपुर थाने का घेराव किया और एक ज्ञापन सौंपकर केबल चोरी की वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने की मांग की,साथही यह अल्टीमेटम भी दे दिया कि सात दिन के भीतर चोरी की वारदातों का सिलसिला नहीं रूकने पर कांग्रेस किसानो के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने पर विवश होगी।

मानपुर टीआई सतीश कुमार दुबे को किसान कांग्रेस के बैनर तले सोपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि, मानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत किसानों के खेतों से कृषि मोटरों की केबल लगातार चोरी होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इन घटनाओं के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है तथा सिंचाई व्यवस्था भी प्रभातित हो रही है। किसानों में इन लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर चिंता एवं असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है। चोरियो से किसान को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है वहीं खेती किसानी भी प्रभावित हो रही है ज्ञापन के दौरान मानपुर थाना क्षेत्र में कृषि मोटरों की केबल चोरी की घटनाओं पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने, पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं के आरोपियों की गिरफ्तारी करने, चोरी की गई केबल एवं अन्य कृषि उपकरणों की बरामदगी करने, खेतों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की गश्त बढाए जान, किसानों द्वारा दी गई शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने की मांग प्रमुखता से की गई है। ज्ञापन सौपने के दौरान किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा एवं युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा सहित अन्य कांग्रेस नेता और किसान मौजूद थे।

श्योपुर में आज मनेगा कृमि मुक्ति दिवस

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में 6 अक्टूबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। शुभारंभ केंद्रीय विद्यालय श्योपुर से किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जिले में लगभग 3 लाख 27 हजार बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल की कृमिनाशक गोली खिलाई जाएगी। यह अभियान जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. दिलीप सिंह सिकरवार ने बताया 6 अक्टूबर को विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में लक्षित बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। जो बच्चे किसी कारणवश निर्धारित दिवस पर दवा का सेवन नहीं कर पाएंगे, उन्हें 9 अक्टूबर को मॉप-अप दिवस के दौरान दवा खिलाई जाएगी। कृमिनाशक दवा का सेवन बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति बेहतर बनाने तथा शारीरिक और मानसिक विकास में सहयोगी है। स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग के मैदानी अमले द्वारा समन्वित रूप से कार्य किया जाएगा।

साक्षरता परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

24 को आयोजित होगी साक्षरता परीक्षा, 47.388 लोगों को परीक्षा में शामिल कराने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

उल्लास नव-भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 24 अक्टूबर को साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। खास बात यह है कि यह परीक्षा निरक्षर लोगो को साक्षर बनाने के लिए आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा जिले के 974 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। इस परीक्षा में जिले के 47 हजार 388 लोगो को शामिल होने का लक्ष्य मिला है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले जिले के निरक्षर लोग न केवल साक्षर बन जाएगे,बल्कि श्योपुर जिला निरक्षरता के कलंक को मिटाने में एक कदम और आगे बढ जाएगा। इस परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीपीसी कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई।

प्रौढ शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र शर्म की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस बैठक के दौरान जिला सह-समन्वयक रामप्रताप सिंह जादौन एवं उमाकांत वशिष्ठ (विजयपुर), मंजू तिवारी (श्योपुर), कु तनुष्का तोमर (कराहल) विकासखंड सह-समन्वयक एवं शोएब अंसारी आदि उपस्थित रहे। बैठक में साक्षरता परीक्षा के सफल आयोजन और शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु चर्चा की गई। बताया गया है कि यह परीक्षा 24 अक्टूबर को आयोजित होगी, राज्य शिक्षा केन्द्र से 47 हजार 388 लोगों को परीक्षा में शामिल करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके तहत श्योपुर एवं विजयपुर विकासखण्ड में 17-17 हजार तथा कराहल में 15 हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में आगामी परीक्षा के सुचारू, पारदर्शी और सफल संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।



समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा का प्रकाश पहुंचाने में करे सहयोग

उल्लास नव भारत साक्षरता परीक्षा को लेकर आयोजित इस बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रौढ शिक्षा अधिकारी श्योपुर भूपेन्द्र शर्मा ने कहा कि उल्लास कार्यक्रम देश को जन-जन साक्षर बनाने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सपनो को साकार करने का एक महा-अभियान है। उन्होने सभी अधिकारियो, स्वंयसेवको और ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि इस परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मनाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा का प्रकाश पहुंचाने में सहयोगी बनकर अपना योगदान प्रदान करें।

अब तक छह बार हो चुकी परीक्षा,1 लाख 10 हजार लोग बन गए साक्षर

प्रौढ शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत श्योपुर जिले के 1 लाख 88 हजार निरक्षर लोगो को साक्षर किए जाने का टारगेट है। एक लाख 88 हजार निरक्षर लोगो को साक्षर किए जाने के लिए हर साल उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत परीक्षा का आयोजन किया जाता है। एक साल में यह परीक्षा दो बार होती है। जो कि मार्च और सितंबर माह में आयोजित कराई जाती है। जिले के निरक्षर लोगो को साक्षर बनाने के लिए अब तक यह परीक्षा 6 बार आयोजित हो चुकी है। इन परीक्षाओ के दौरान अब तक 1 लाख 10 हजार लोग शामिल होकर साक्षर बन चुके है। इसके बाद अब 78 हजार लोगो को साक्षर बनाना शेष रह गए है। शेष रहे लोगो को साक्षर बनाने के लिए 24 अक्टूबर को एक बार फिर से यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए राज्य स्तर से 47 हजार 388 लोगो को शामिल कराने का लक्ष्य मिला है। इस परीक्षा में शामिल होने से जो लोग वंचित रह जाएंगे,उन्हें साक्षर बनाने के लिए आगे मार्च 2027 में यह परीक्षा में फिर से आयोजित कराई जाएगी।

मलेरिया नियंत्रण हेतु जागरूकता गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएन बिन्दल के निर्देशन में जिले के शहरी और ग्रामीण (कराहल) क्षेत्रों में मलेरिया रोधी अभियान चलाया गया। मलेरिया निरीक्षक श्यामलाल बाथम द्वारा वार्ड नंबर 9 स्थित महाराणा प्रताप कॉलोनी, गुलमोहर कॉलोनी, शिव कॉलोनी तथा रेलवे पटरी के अगल-बगल में खाली पड़े प्लॉटों और पानी से भरे गड्ढों को चिन्हित किया गया। मच्छरों की उत्पत्ति को शुरुआती चरण में ही खत्म करने के लिए इन सभी जलभराव वाले स्थानों पर अत्यंत प्रभावी कीटनाशक दवा बी.टी.आई. का घोल डलवाया गया। इसी के साथ मलेरिया निरीक्षक नरसिंह गोड, आशा कार्यकर्ता हेमलता शर्मा और आशा सहयोगिनी प्रतिमा के द्वारा कराहल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एनआरसी कैंपस एवं आम बाला सहराना में घर-घर जाकर 86 घरों का लार्वा सर्वे किया गया। सर्वे के दौरान जहाँ भी पानी जमा मिला या लार्वा पनपने की आशंका दिखी, वहाँ तत्काल टेमोफोस दवा डलवाकर उसे नष्ट किया गया। साथ ही वार्ड वासियों को घरों के आसपास पानी जमा न होने देने की हिदायत दी गई। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा आमजन को मलेरिया नियंत्रण से संबंधित पम्पलेट्स (प्रचार सामग्री) बांटे गए और संवाद के माध्यम से जागरुक किया गया।



आज 6 ग्रामों में लगेंगे ई-केवायसी शिविर

श्योपुर। ग्रामवासियों के आधारकार्ड, समग्र आईडी एवं ई-केवायसी अपडेट करने के लिए प्रारंभिक चरण में तीन सीएफटी अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में यह शिविर सीएफटी खितरपाल (विजयपुर), आवदा (कराहल), मानपुर (श्योपुर) अंतर्गत आने वाली पंचायतों में निर्धारित तिथियों पर आयोजित किये जा रहे है। सीईओ जिला पंचायत कार्तिकेय जायसवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार 06 अक्टूबर को विजयपुर विकासखण्ड के मगरदेह, हुल्लपुर में, कराहल विकासखण्ड के आवदा, बगवाज में एवं श्योपुर के बगदरी, बगडुआ ग्राम में प्रातः 11 बजे से 04 बजे तक शिविर आयोजित होंगे। ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले उक्त शिविरों के लिए शिविर प्रभारी नियुक्त किये गये है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामवासियों के आधार कार्ड, समग्र आईडी, ई-केवायसी आदि अपडेट किये जायेंगे,

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिनोतिा पछार निवासी राहुल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुर्जन सरदार और जितेन्द्र कुम्हार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी दीपक चैबे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटे राजा यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरका टांका निवासी आकाश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोपाल और रामलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जयंतीपुर निवासी परमाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गौतम, प्रदीप और शेलेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहादुरपुर निवासी राममनी बाई कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भूरा, रामगोपाल, सविता बाई और चन्द्रेश बाई कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन



अशोकनगर। जिला प्रशासन व जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन तथा पर्यवेक्षक प्रियंका पवार के मार्गदर्शन में अशोकनगर शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 20 एवं केंद्र क्रमांक 60-61 पर संयुक्त रूप से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे तीन दिवसीय आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना जैन के संयोजकत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी अनीता जैन, अनीता नामदेव, आशा ममता नामदेव एवं एएनएम रश्मि सक्सेना की सक्रिय भूमिका रही। प्रातः कालीन सत्र में केंद्र क्रमांक 60 में सामाजिक संगठन इनर व्हील द्वारा बच्चों व माताओं को उपहार वितरित किए गए। इस दौरान संगठन की वरिष्ठ सदस्य प्रीति मनोरिया ने अपने विचारों से सभी का मन मोह लिया। क्लब प्रेसिडेंट मोना गोयल ने और अर्चना बंसल ने बच्चों के सर्वांगीण विकास और परिवार को एक साथ जोड़े रखने के महत्वपूर्ण सूत्रों पर प्रकाश डाला।

हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया

अशोकनगर। चंदेरी में आयोजित सेवा सेतु संकल्प अभियान शिविर में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग अंतर्गत सहायक संचालक हथकरघा श्रीमती कीर्ति कटियार द्वारा मंच से अपने विभाग में संचालित बुनकर मुद्रा योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कराया गया एवं अपने विभाग की प्रदर्शनी का स्टाल लगाया गया।

जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। ईसागढ़ पुलिस ने घोसी मोहल्ला ईसागढ़ में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए सर्जन सिंह,जीतू ठाकुर,संजीव केवट, सोनू ग्वाल को गिरफ्तार किया है,जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 1600 रूपए जप्त किए हैं।

सेवा मेरा योगदान अन्तर्गत आयोजित की गईं गतिविधियां

अशोकनगर। सेवा संकल्प अभियान में सेवा मेरा योगदान अभियान अन्तर्गत जिले के वृद्धाश्रमों में वृद्धजनों की सेवा कार्य हेतु गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान पनत्व एवं संवेदनशीलता के संदेश हेतु वृद्धजनों से आत्मीय संवाद एवं उनके अनुभवों को सुनना, वृद्धजनों को भोजन, फल एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

पीएम रिपोर्ट में पुष्टि हुई, मां और दादी पर संदेह, पुलिस मामले की जांच में जुटी

हाल में जन्मी नवजात की गला घोंटकर हत्या





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

हाल में जन्मी नवजात बालिका की गला दबाकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। उक्त घटना में बालिका के गले पर लाल और नीले निशान थे तथा मुंह से खून निकल रहा था। उक्त घटना में मां और दादी पर हत्या का संदेह है, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर बीएल टैगोर का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई है। पूरे मामले में पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

महिला को पहले से दो बेटियां थी यह तीसरी बेटी हुई थी

जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम सकर्रा की रहने वाली भावना पत्नि केदार विश्वकर्मा ने अशोकनगर जिला अस्पताल में एक नवजात बालिका को जन्म दिया था। उक्त महिला को शुक्रवार, शनिवार की रात्रि में जिला अस्पताल क प्रसुति वार्ड में भर्ती कराया गया था। जहां महिला ने बेटी को जन्म दिया था, उक्त महिला के यहां पहले से ही दो बेटियां हैं, बालिका होने के बाद महिला को पीएनसी वार्ड में भर्ती किया गया था। बालिका के साथ उसकी मां और दादी साथ में थीं।

बालिका के गले पर लाल और नीले निशान पाए गए

शनिवार की दोपहर में नवजात बालिका की तवीयत खराब होने पर उसे प्रसूति वार्ड की सिस्टर को दिखाया गया था। जिसके बाद उक्त बालिका को एसएनसीयू वार्ड में जो शिशु गहन चिकित्सा इकाई कक्ष हैं उसमें भर्ती कराया गया था। जहां एसएनसीयू वार्ड के डॉक्टर अर्जुन पटेल द्वारा बताया गया कि बालिका के गले पर लाल और नीले निशान थे तथा गला दवाकर उसकी हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की गई थी। उक्त घटनाक्रम से जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर बीएल टैगोर और सिटी कोतवाली पुलिस को अवगत कराया गया था।

मां का कहना बच्ची की नांक से खून भी आ रहा था

इस घटनाक्रम में नवजात बालिका को जन्म देने वाली मां भावना का कहना था कि दोपहर में उसने बच्ची को देखा तो उसके गले पर निशान थे और मुंह से खून आ रहा था, यह कैसे हुआ उसे नहीं पता, बच्ची को दूध पिलाने के बाद उसने देखा तो यह निशान पाए गए।

पीएसी वार्ड में नहीं है कैमरों के इंतजाम

उक्त घटना क्रम को लेकर यह माना जा रहा है कि उक्त महिला के यहां पहले से ही दो बेटियां थीं एक और बेटी के जन्म लेने के कारण उसकी परिवार के लोगों के द्वारा ही गला दबाकर हत्या की गई है। जिस पीएसी वार्ड में महिला अपनी नवजात बालिका के साथ भर्ती थी उक्त वार्ड में किसी प्रकार के कोई केमरे भी नहीं लगे हैं जिससे इस बात की पूरी तरह पुष्टी कर पाना मुश्किल है कि बेटी का गला किसके द्वारा दवाया गया है।

घटना बता रही है बेटी को आज भी समाज में माना जाता है अभिशाप

लेकिन यह पूरा मामला जांच का विषय तो है ही लेकिन आज भी समाज में बेटी के जन्म को अभिशाप माना जाता है, तमाम तरह के जागरूकता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, लाड़ली लक्ष्मी योजना आदि के माध्यम से बेटी को आगे बढ़ाने का संदेश दिया जा रहा हो लेकिन समाज में आज भी इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

क्या कहना है इनका...

जिला अस्पताल से सूचना मिली थी कि एक नवजात बालिका एसएनसीयू वार्ड में उपचार के लिए लाई गई थी जो मृत अवस्था में मिली है। जिसमें गला घोंटकर मारा गया है लेकिन अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने नहीं आई है, पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

रवि प्रताप सिंह चौहान, टीआई सिटी कोतवाली अशोकनगर

एसएनसीयू वार्ड के डॉक्टर अर्जुन पटेल द्वारा बताया गया था कि नवजात के बालिका के गले पर लाल और नीले निशान हैं तथा मुंह से खून आ रहा था, पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई है।

डॉ. बी.एल. टैगोर सिविल सर्जन जिला अस्पताल

7 अक्टूबर को निकलेगी 'सेवा ज्योति कलश यात्रा'

अशोकनगर। 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा के मार्ग, कार्यक्रम स्थल, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा सेवा, समर्पण और जनभागीदारी का संदेश लेकर आगे बढ़ेगी। यात्रा के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ ही नागरिकों को सेवा कार्यों से जोड़ने का प्रयास किया जाए। बैठक में बताया गया कि जिले की प्रत्येक विधानसभा से एक सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का मार्ग इस प्रकार निर्धारित किया जाएगा कि वह विधानसभा क्षेत्र के अधिक से अधिक कस्बों और गांवों से होकर गुजरे और आमजन को इससे जोड़ा जा सके। यात्रा में कलश एवं कृत्रिम मशाल प्रमुख आकर्षण होंगे।

शिविर में विभिन्न हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया

अशोकनगर के मानस भवन में नगरीय क्षेत्र का शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार का अशोकनगर नगरीय क्षेत्र शिविर का आयोजन स्थानीय मानस भवन में किया गया। प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के सपने को किया जा रहा साकार करने के लिये समाज में संवेदनशीलता के साथ शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया जाकर समाज के कमजोर अंतिम व्यक्ति के लिये लाभ पहुंचाना इस आशय के विचार भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने रविवार को स्थानीय मानस भवन में सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार द्वितीय चरण में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु अभियान के तहत सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन नगरीय क्षेत्रों में किया गया। इन शिविरों में नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण कराया जा रहा है। आमजन को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी रही है।

नगरीय क्षेत्र में 7 हजार 300 हितगा्रहियों को लाभ दिलाया गया- शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। योजनाओं का लाभ प्रदान कर जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अशोकनगर नगरीय क्षेत्र में 7 हजार 300 पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाया गया। उन्होंने बताया कि शहर सौदर्यकरण के कार्ययोजना तैयार कर शहर सौदर्यकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस अवसर पर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के लगाए स्टॉल: शिविर में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा अपने अपने विभाग से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित स्टॉल लगाए गए। साथ ही नागारिकों योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में 592 आवेदन प्राप्त हुए।

शासकीय कन्या महाविद्यालय में 'कहानी बदलाव की सफलता कथा संकलन' कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



शासकीय कन्या महाविद्यालय में कहानी बदलाव की सफलता कथा संकलन कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित छात्राओं के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को साझा करना तथा अन्य छात्राओं को इन योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।

इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सोनाली राय ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रेरणा लेने तथा उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जागरूकता के माध्यम से ही पात्र व्यक्ति योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकता है। उन्होंने छात्राओं से अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संजीव बौद्ध ने छात्राओं से संवाद करते हुए विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कहा कि योजनाओं की जानकारी प्राप्त करना और उनका उचित लाभ लेना प्रत्येक पात्र विद्यार्थी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ अपने अधिकारों और उपलब्ध अवसरों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

भूपेंद्र नामदेव ने छात्राओं को अपनी बात समाज में मजबूती एवं आत्मविश्वास के साथ रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने विचार स्पष्ट रूप से व्यक्त करने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम में एक छात्रा ने भी अपने विचार साझा करते हुए शासकीय योजना से प्राप्त लाभ और उससे अपने जीवन में आए बदलाव की सफलता कथा प्रस्तुत की। उसकी अनुभवात्मक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को विशेष रूप से प्रभावी बनाया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रेरणा लेने की सलाह दी। प्राचार्य ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, छात्राओं एवं महाविद्यालयीन स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया।

दिव्यांशु का संभाग स्तरीय क्रिकेट टीम में हुआ चयन



बीना। शहर के गांधी वार्ड निवासी दिव्यांशु रजक का चयन अंडर-15 आयु वर्ग में संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए सागर की टीम में हुआ है। दिव्यांशु मीडियम पेस बॉलर के रूप में 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा रहेंगे। दिव्यांशु के पिता हेमंत रजक ने बताया कि टीम में चयन के लिए सागर स्थित एमपीसीए मैदान पर दो दिवसीय ट्रायल मैच खेले गए। इसमें सागर जिले से 145 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ट्रायल के बाद चयन कमेटी ने प्रदर्शन के आधार पर 30 खिलाड़ियों का चयन किया। इसके बाद चयनित 30 खिलाड़ियों की दो टीमें बनाकर दोबारा ट्रायल लिया गया। इस ट्रायल में दिव्यांशु ने गेंदबाजी में बेहतर प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर उनका चयन मीडियम पेस बॉलर के रूप में 15 सदस्यीय सागर टीम में किया गया है। दिव्यांशु के चयन से परिवार में खुशी का माहौल है।

पीजी कॉलेज में अहिंसा और सेवा मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का गरिमामय आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

इसके पश्चात 'महात्मा गांधी के जीवन दर्शन एवं प्रासंगिकता' विषय पर एक विस्तृत विचार-गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में वक्ताओं एवं प्रबुद्धजनों ने महात्मा गांधी के महान जीवन, उनके कार्यों एवं राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान पर विचार मंथन किया। प्रोफेसर डॉ. एमएल सोनी ने कहा कि गांधीजी की आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि



गांधीजी की आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है

जीवन जीने की कला है। उन्होंने अपने जीवन में सत्य को ही परमेश्वर माना और हर स्थिति में निष्पक्ष रहकर सत्य का आचरण किया। प्रो आरएस तिवारी ने कहा कि महात्मा गांधी का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

उन्होंने कहा कि गांधीजी के विचार और कर्म में कोई भिन्नता नहीं थी। उनका संपूर्ण जीवन ही भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रत्यक्ष संदेश और मार्गदर्शक है। इस अवसर पर मोहम्मद रफीक शेख ने कहा कि महात्मा गांधी का देश की आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने नशामुक्ति के लिए सक्रिय अभियान चलाया। इस अवसर उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री के योगदान का भी स्मरण किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी गौरव नैलवाल ने कहा कि गांधीजी का सेवा भाव हम सभी के लिए आदर्श है। सेवा संकल्प अभियान प्रभारी उमेश यादव ने छात्र-छात्राओं को गांधीजी के अहिंसा, स्वच्छता, स्वावलंबन और निःस्वार्थ जनसेवा के आदर्शों को अपने व्यावहारिक जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। राजपाल केवट ने कहा कि युवा पीढ़ी के लिए गांधीजी के जीवन से हमेशा प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने बापू के बताए सत्य, अहिंसा और सेवा मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

बाल ब्रह्मचारी संदीप 'सरल' को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से किया गया विभूषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



श्रुततीर्थ श्रुतधाम बीना के संस्थापक, समाजसेवी एवं धर्म-प्रभावक बाल ब्रह्मचारी संदीप 'सरल' भैया को एकलब्य विश्वविद्यालय दमोह द्वारा उनके उल्लेखनीय धार्मिक, सामाजिक एवं साहित्यिक योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से विभूषित किया गया है।

रिटायर्ड रेल कर्मचारी आरके जैन ने बताया संदीप 'सरल' भैया करीब 34 वर्षों से श्रुतधाम एवं श्रुततीर्थ के निर्माण, विकास तथा जैन धर्म और साहित्य के प्रचार-प्रसार के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण कर लोगों को धर्म, संस्कृति, स्वाध्याय एवं संस्कारों से जोड़ने का कार्य किया। उनके अथक प्रयासों एवं समर्पण से श्रुततीर्थ श्रुतधाम बीना आज देश-विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने पर संदीप 'सरल' भैया ने इस सम्मान का श्रेय परमपूज्य 108 आचार्य श्री समय सागर महाराज एवं परमपूज्य निर्यापक मुनि 108 श्री अभय सागर महाराज के आशीर्वाद को समर्पित किया। उन्होंने बताया यह सम्मान केवल संदीप 'सरल' भैया का व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि समस्त जैन समाज तथा श्रुतधाम से जुड़े देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए भी गौरव का विषय है। इस उपलब्धि पर समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए भैया को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि श्रुततीर्थ श्रुतधाम बीना के संस्थापक संदीप 'सरल' भैया को प्राप्त यह सम्मान उनके लगभग 34 वर्षों के त्याग, तप, परिश्रम, स्वाध्याय, धर्मप्रभावना एवं समाजसेवा की दीर्घ साधना का गौरवपूर्ण सम्मान है।

इस अवसर पर एकलब्य विश्वविद्यालय की ओर से जयंत मलैया, सुधा मलैया, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री लखन पटेल एवं धर्मेंद्र सिंह लोधी, विश्वविद्यालय के अधिकारीगण एवं गणमान्यजन सहित शहर के प्रमोद सर्राफ, प्रो. डॉ. अरुण प्रकाश बुखारिया, राकेश, राकेश, अंकित जैन एवं पंडित श्रेयांश शास्त्री सागर उपस्थित रहे।

माटी के गणेश प्रतियोगिता में नामी शिवा एवं सौम्या रहीं प्रथम

लोगर में करियर काउंसलिंग एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोगर में करियर काउंसलिंग एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में राव राजा सिंह राजपूत, अरविंद लोधी, गोलू राय, विन्नी राजा राजपूत, राकेश तिवारी एवं प्रशांत माझी विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक बीना उपस्थित रहे। प्रशांत माझी द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य विभाग में होने वाली भर्तियों की संभावनाओं से अवगत कराया गया। विद्यालय में आयोजित माटी के गणेश, सेवा संकल्प अभियान के तहत निबंध, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण किए गए।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम जानवी विश्वकर्मा, द्वितीय प्रियांशी राजपूत एवं तृतीय स्थान पर अकांक्षा अहिरवार, सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम तरुण दांगी, द्वितीय निकिता दांगी एवं तृतीय स्थान पर सविता चढ़ार, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम राजनीतिका राजपूत, द्वितीय वैशाली विश्वकर्मा एवं तृतीय स्थान पर रही रूबी एवं निकिता दांगी, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रक्षा राजपूत, द्वितीय राज अहिरवार को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया।

इसी तरह माटी के गणेश प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम नामी राजपूत, द्वितीय अनामिका अहिरवार एवं तृतीय मानसी राजपूत, माध्यमिक वर्ग में प्रथम शिवा रजक, द्वितीय जानवी विश्वकर्मा एवं ततीय देविका राजपूत, हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी में प्रथम सौम्या दांगी, द्वितीय सविता चढ़ार एवं तृतीय स्थान पर रही रवीना दांगी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।